जिंदगी से हर मुसीबत श्याम टालेगा भजन लिरिक्स

जिंदगी से हर मुसीबत,
श्याम टालेगा,
आज तक जिसने सम्भाला,
वही सम्भालेगा,
ज़िन्दगी से हर मुसीबत,
श्याम टालेगा।bd।

zindagi se har musibat shyam talega

तर्ज – मेरा जीवन कोरा कागज।

हर घड़ी हर पल जो तेरा,
ध्यान रखता है,
जग के आगे हर दफा,
सम्मान रखता है,
कैसे तूने सोचा वो,
तुझको भुला देगा,
ज़िन्दगी से हर मुसीबत,
श्याम टालेगा।bd।

जो भी दे लेले खुशी से,
तर्क ना करना,
कण मिले या घण मिले,
तू फर्क ना करना,
जितनी झोली में ज़रूरत,
उतना डालेगा,
ज़िन्दगी से हर मुसीबत,
श्याम टालेगा।bd।

की प्रभु ने हर मुसीबत,
चुटकियों में हल,
श्याम के आगे ना चलता,
मुश्किलों का बल,
तेरी कमज़ोरी को ये,
ताक़त बना देगा,
ज़िन्दगी से हर मुसीबत,
श्याम टालेगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

डूब जाए नाव तेरी,
है नहीं मुमकिन,
कह दे माधव कुछ नहीं,
तू सांवरे के बिन,
बीच मझधारों को ये,
साहिल बना देगा,
ज़िन्दगी से हर मुसीबत,
श्याम टालेगा।bd।

जिंदगी से हर मुसीबत,
श्याम टालेगा,
आज तक जिसने सम्भाला,
वही सम्भालेगा,
ज़िन्दगी से हर मुसीबत,
श्याम टालेगा।bd।

Singer – Vivek Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com